1. Which section of BNSS mandates the appointment of a designated police officer in each district and police station to provide information about arrested individuals to the general public ?

बी.एन.एस.एस. (BNSS) की कौन सी धारा प्रत्येक जिले और पुलिस स्टेशन में आम जनता को गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक नामित पुलिस अधिकारी की नियुक्ति को अनिवार्य बनाती है ?

(A) 35 (B) 37 (C) 45 (D) 25

2. Which section of BNSS introduces provisions for identifying, attaching, and forfeiting the property of proclaimed offenders located outside India ?

बी.एन.एस.एस. (BNSS) की किस धारा में घोषित अपराधियों की भारत के बाहर स्थित संपत्ति की पहचान करने, उसे कुर्क करने और जब्त करने के प्रावधान है ?

(A) 76 (B) 84 (C) 86 (D) 74

3. Which section of BNSS places restrictions on the adjournment of trials, ensuring the expeditious resolution of cases ?

बी.एन.एस.एस. (BNSS) की कौन सी धारा मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के लिए मुकदमों के स्थगन पर प्रतिबंध लगाती है ?

(A) 246 (B) 346 (C) 356 (D) 146

4. A suit is pending in District Court A, but one of the parties, Meera, requests its transfer to District Court B, claiming that the judge in Court A is biased. The opposing party, Ravi, objects, stating that the request is baseless. Who has the authority to decide whether the suit can be transferred ?

(A) The High Court or the Supreme Court
(B) The Civil Judge in District Court B
(C) A committee of local advocates
(D) The District Court A where the suit is currently pending.

जिला न्यायालय A में एक मुकदमा लंबित है, लेकिन एक पक्षकार मीरा, जिला न्यायालय B में इसे स्थानांतरित करने का अनुरोध करती है, यह दावा करते हुए कि न्यायालय A में न्यायाधीश पक्षपाती है । विरोधी पक्षकार रवि, यह कहते हुए आपत्ति करता है कि अनुरोध निराधार है । यह तय करने का अधिकार किसके पास है कि मुकदमा स्थानांतरित किया जा सकता है या नहीं ?

(A) उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय
(B) जिला न्यायालय B में सिविल न्यायाधीश
(C) स्थानीय अधिवक्ताओं की एक समिति
(D) जिला न्यायालय A जहाँ मुकदमा वर्तमान में लंबित है ।

5. Maya files a suit in Court A for the recovery of a sum of money from her neighbour, Neha. During the proceedings, Neha requests that a third party, Seema, be added to the suit, as Seema is allegedly liable for the debt. Maya objects, claiming that Seema is not a necessary party. Court A then reviews the application and decides that Seema should indeed be included as a defendant. Which principle of the CPC is applied in this situation ?

(A) Order 7, Rule 11 – Rejection of Plaint
(B) Order 5 – Service of Summons
(C) Order 6, Rule 17 – Amendment of Pleadings
(D) Order 1, Rule 10 – Joinder and Substitution of Parties

माया अपनी पड़ोसी नेहा से कुछ राशि की वसूली के लिए न्यायालय ए में मुकदमा दायर करती है । कार्यवाही के दौरान, नेहा अनुरोध करती है कि सीमा नामक एक तीसरे पक्ष को मुकदमे में शामिल किया जाए, क्योंकि सीमा कथित रूप से इस ऋण के लिए उत्तरदायी है । माया आपत्ति जताते हुए दावा करती है कि सीमा कोई आवश्यक पक्षकार नहीं है । न्यायालय ए तब आवेदन की समीक्षा करता है और निर्णय लेता है कि सीमा को वास्तव में प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाना चाहिए । इस स्थिति में सी.पी.सी. का कौन सा सिद्धांत लागू होता है ?

(A) आदेश 7, नियम 11 – वादपत्र की अस्वीकृति
(B) आदेश 5 – सम्मन की तामील
(C) आदेश 6, नियम 17 – दलीलों में संशोधन
(D) आदेश 1, नियम 10 – पक्षों का संयोजन और प्रतिस्थापन

6. Which section of the CPC allows for the appeal from original decrees ?

(A) Section 100 (B) Section 115 (C) Section 104 (D) Section 96

सी.पी.सी. (CPC) की कौन सी धारा मूल डिक्री से अपील करने की अनुमति देती है ?

(A) धारा 100 (B) धारा 115 (C) धारा 104 (D) धारा 96

7. Under the CPC, what is the maximum time limit for filing a written statement in a suit ?

(A) 60 Days (B) 120 Days (C) 90 Days (D) 30 Days

सी.पी.सी. (CPC) के तहत, किसी मुकदमे में लिखित बयान दाखिल करने की अधिकतम समय सीमा क्या है ?

(A) 60 दिन (B) 120 दिन (C) 90 दिन (D) 30 दिन

8. Which section of the CPC provides exemption of the President of India and the Governors of states from personal appearance in court ?

(A) Section 133 (B) Section 128 (C) Section 130 (D) Section 132

सी.पी.सी. (CPC) की कौन सी धारा भारत के राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालों को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट प्रदान करती है ?

(A) धारा 133 (B) धारा 128 (C) धारा 130 (D) धारा 132

9. What is the term used for a court's power to transfer a case from one court to another under the Code of Civil Procedure ?

(A) Reference (B) Review
(C) Transfer of suits (D) Res Judicata

सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत किसी मामले को एक अदालत से दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने के अदालत के अधिकार के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है ?

(A) संदर्भ (B) समीक्षा
(C) मुकदमों का स्थानांतरण (D) रेस ज्यूडीकेटा

10. Under which order of the CPC the procedure for summary suits is provided ?

(A) Order XXXVII (B) Order XXXIV

(C) Order XXXVI (D) Order XXXV

सी.पी.सी. (CPC) के किस आदेश के तहत संक्षिप्त (समरी) मुकदमों की प्रक्रिया प्रदान की गई है ?

(A) आदेश XXXVII (B) आदेश XXXIV

(C) आदेश XXXVI (D) आदेश XXXV

11. Which section mandates State Government prepare and notify a witness protection scheme for the state with a view to ensure the protection of witnesses ?

बी.एन.एस.एस. (BNSS) की कौन सी धारा राज्य सरकार को गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य के लिए गवाह सुरक्षा योजना तैयार करने और अधिसूचित करने का आदेश देती है ?

(A) 198 (B) 298 (C) 398 (D) 98

12. ________ of the CPC provides for an interpleader suit.

(A) Section 89 (B) Section 92 (C) Section 86 (D) Section 88

सी.पी.सी. (CPC) की किस धारा में अन्तरभिवाची (इंटरप्लीडर) मुकदमों का प्रावधान है ?

(A) धारा 89 (B) धारा 92 (C) धारा 86 (D) धारा 88

13. Which section of the CPC provides for the payment of compensatory costs ?

(A) Section 35 (A) (B) Section 35 (B)

(C) Section 36 (D) Section 35

सी.पी.सी. (CPC) की कौन सी धारा प्रतिपूरक लागत के भुगतान का प्रावधान करती है ?

(A) धारा 35 (A) (B) धारा 35 (B) (C) धारा 36 (D) धारा 35

14. Which word is inserted in Section 22 of the BSA that was not present in Section 24 of the Evidence Act ?

(A) Coercion (B) Threat (C) Promise (D) Inducement

बी.एस.ए. (BSA) की धारा 22 में कौन सा शब्द जोड़ा गया है जो साक्ष्य अधिनियम की धारा 24 में मौजूद नहीं था ?

(A) प्रपीड़न (B) धमकी (C) वादा (D) प्रलोभन

15. Existence of course of business when relevant is discussed in ________.

(A) Section 13 of the BSA, 2023 (B) Section 14 of the BSA, 2023

(C) Section 15 of the BSA, 2023 (D) Section 12 of the BSA, 2023

कारबार के अनुक्रम का अस्तित्व कब सुसंगत है, पर किसमें चर्चा की गई है ?

(A) BSA, 2023 की धारा 13 (B) BSA, 2023 की धारा 14

(C) BSA, 2023 की धारा 15 (D) BSA, 2023 की धारा 12

16. In a criminal trial, Rajesh is accused of theft. During the investigation, the police recover a stolen laptop from a location known to be frequented by Rajesh. His fingerprints are found on the laptop. According to the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023, how should the court interpret this piece of evidence ?

(A) The recovered laptop and fingerprints are circumstantial evidence that can be considered along with other evidence, but do not by themselves prove guilt beyond reasonable doubt.

(B) The evidence is inadmissible because the police did not obtain a search warrant before recovering the laptop.

(C) The fingerprints must be verified by at least two independent forensic experts before being presented in court.

(D) The recovered laptop and fingerprints are automatically considered conclusive proof of Rajesh's guilt.

एक आपराधिक मुकदमे में राजेश पर चोरी का आरोप लगाया जाता है । जाँच के दौरान, पुलिस लैपटॉप को उस स्थान से बरामद करती है जहाँ राजेश का अकसर आना-जाना था । लैपटॉप पर उसके फिंगरप्रिंट पाए जाते हैं । भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार, अदालत को इस साक्ष्य की व्याख्या कैसे करनी चाहिए ?

(A) बरामद लैपटॉप और फिंगरप्रिंट परिस्थितिजन्य साक्ष्य हैं जिन्हें अन्य साक्ष्यों के साथ माना जा सकता है, लेकिन वे अपने आपमें उचित संदेह से परे अपराध साबित नहीं करते हैं ।

(B) साक्ष्य अस्वीकार्य है क्योंकि पुलिस ने लैपटॉप बरामद करने से पहले सर्च वारंट प्राप्त नहीं किया था ।

(C) अदालत में पेश किए जाने से पहले फिंगरप्रिंट को कम से कम दो स्वतंत्र फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए ।

(D) बरामद लैपटॉप और फिंगरप्रिंट को स्वतः ही राजेश के अपराध का निर्णायक सबूत माना जाएगा ।

17. Where a document is executed in several parts like printing, lithography or photography, video recording, computer resource as a electronic or digital records, the BSA 2023 classifies each part as a

(A) Secondary evidence
(B) Circumstantial evidence
(C) Scientific evidence
(D) Primary evidence

जहाँ कोई दस्तावेज़ कई भागों जैसे मुद्रण, लिथोग्राफी या फोटोग्राफी, वीडियो रिकॉर्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड के रूप में कंप्यूटर संसाधन में निष्पादित किया जाता है, वहाँ बी.एस.ए. (BSA) 2023 प्रत्येक भाग को किस रूप में वर्गीकृत करता है ?

(A) द्वितीयक साक्ष्य
(B) परिस्थितिजन्य साक्ष्य
(C) वैज्ञानिक साक्ष्य
(D) प्राथमिक साक्ष्य

18. Which section of BSA provides that no court shall require any communication between the Ministers and the President of India to be produced before it ?

बी.एस.ए. की किस धारा में यह प्रावधान है कि कोई भी न्यायालय मंत्रियों और भारत के राष्ट्रपति के बीच किसी भी पत्र-व्यवहार को अपने समक्ष प्रस्तुत करने की अपेक्षा नहीं करेगा ?

(A) 165 (B) 268 (C) 168 (D) 65

19. According to Section 46 of Bharatiya Sakshya Adhiniyam, when character evidence is relevant in civil cases ?
(A) Only when related to other relevant fact
(B) Never relevant
(C) Only in criminal cases
(D) Always relevant to prove conduct
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 46 के अनुसार, सिविल मामलों में चरित्र साक्ष्य कब प्रासंगिक होता है ?
(A) केवल तभी जब अन्य प्रासंगिक तथ्य से संबंधित हो
(B) कभी प्रासंगिक नहीं
(C) केवल आपराधिक मामलों में
(D) आचरण को साबित करने के लिए हमेशा प्रासंगिक

20. Which section of the CPC deals with the principle of "res judicata" ?
(A) Section 10 (B) Section 12 (C) Section 9 (D) Section 11
सी.पी.सी. (CPC) की कौन सी धारा "रेस ज्यूडीकेटा" के सिद्धांत से संबंधित है ?
(A) धारा 10 (B) धारा 12 (C) धारा 9 (D) धारा 11

21. Under Section 146 of the BSA 2023, when the leading questions are permissible in the court proceedings ?
(A) Leading questions are not allowed during cross-examination
(B) Leading questions can be asked in an examination-in chief, re-examination, cross-examination without any objection.
(C) Leading questions are permitted during cross-examination and when matters are introductory, undisputed, or sufficiently proved.
(D) Leading questions are always allowed during examination- in chief without restriction.
बी.एस.ए. (BSA) 2023 की धारा 146 के तहत, अदालती कार्यवाही में सूचक प्रश्न कब पूछे जा सकते हैं ?
(A) जिरह के दौरान सूचक प्रश्न पूछे जाने की अनुमति नहीं होती ।
(B) मुख्य परीक्षण, पुन: परीक्षण, जिरह में बिना किसी आपत्ति के सूचक प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।
(C) जिरह के दौरान और जब मामले शुरुआती, अविवादित या पर्याप्त रूप से साबित हों तो सूचक प्रश्न पूछने की अनुमति होती है ।
(D) बिना किसी प्रतिबंध के मुख्य परीक्षण के दौरान सूचक प्रश्न हमेशा पूछे जा सकते हैं ।

22. Which of the following is a characteristic of mediation ?
(A) It involves a neutral third party who facilitates negotiation between the parties.
(B) The mediator acts as a judge and renders a verdict.
(C) It is always court-ordered.
(D) The mediator imposes a binding decision.
निम्नलिखित में से मध्यस्थता की कौन सी विशेषता है ?
(A) इसमें एक तटस्थ तीसरा पक्ष शामिल होता है जो पक्षों के बीच बातचीत करवाता है ।
(B) मध्यस्थ एक न्यायाधीश के रूप में कार्य करता है और फैसला सुनाता है ।
(C) यह हमेशा अदालत द्वारा आदेशित होता है ।
(D) मध्यस्थ एक बाध्यकारी निर्णय लागू करता है ।

23. A dispute arises between ABC Ltd. and XYZ Pvt. Ltd. regarding a contract that both parties had entered into. The agreement includes an arbitration clause, which states that any disputes shall be referred to arbitration. However, the parties fail to agree on the appointment of an arbitrator. Which of the following provisions of the Arbitration and Conciliation Act, 1996 would be applicable to resolve the issue of the appointment of an arbitrator ?

(A) The parties must mutually select an arbitrator, and if they fail, the arbitration will not take place.

(B) The arbitrator must be appointed by the Indian Council of Arbitration (ICA) in all cases.

(C) The parties can resolve the appointment issue by opting for conciliation instead of arbitration.

(D) The court will appoint an arbitrator under Section 11 if the parties fail to agree on one.

ABC लिमिटेड और XYZ प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक संविदा को लेकर विवाद उत्पन्न होता है, जिस पर दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए थे । अनुबंध में एक मध्यस्थता खंड शामिल है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी विवाद को मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा । हालाँकि, पक्ष मध्यस्थ की नियुक्ति पर सहमत होने में विफल रहते हैं । मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान मध्यस्थ की नियुक्ति के मुद्दे को हल करने के लिए लागू होगा ?

(A) पक्षकारों को पारस्परिक रूप से एक मध्यस्थ का चयन करना होगा, और यदि वे विफल होते हैं, तो मध्यस्थता नहीं होगी ।

(B) मध्यस्थ को सभी मामलों में भारतीय मध्यस्थता परिषद (ICA) द्वारा नियुक्त किया जाना चाहिए ।

(C) पक्षकार मध्यस्थता के बजाय सुलह का विकल्प चुनकर नियुक्ति के मुद्दे को हल कर सकते हैं ।

(D) यदि पक्षकार इस पर सहमत होने में विफल रहते हैं, तो न्यायालय धारा 11 के तहत मध्यस्थ की नियुक्ति करेगा ।

24. Which of the following is not an advantage of using ADR ?

(A) It offers more confidentiality than traditional court cases.

(B) It always results in a binding decision.

(C) It is often less expensive than court proceedings.

(D) It is generally faster than litigation.

निम्नलिखित में से कौन सा लाभ ADR उपयोग करने का नहीं है ?

(A) यह पारंपरिक अदालती मामलों की तुलना में अधिक गोपनीयता प्रदान करता है ।

(B) यह हमेशा बाध्यकारी निर्णय देता है ।

(C) यह अकसर अदालती कार्यवाही की तुलना में कम खर्चीला होता है ।

(D) यह आमतौर पर मुकदमेबाजी की तुलना में तेज़ होता है ।

**25.** Kiran and Meera are involved in an arbitration, where Kiran was awarded Rs. 10 lakhs as compensation. Meera refuses to pay the amount, arguing that the award was not enforceable because of certain procedural irregularities in the arbitration process. Kiran decides to approach the court to enforce the arbitral award.
Which of the following provisions of the Arbitration and Conciliation Act, 1996 governs the enforcement of an arbitral award ?
(A) Section 36 of the Act allows for the automatic enforcement of an arbitral award unless set-aside by the court.
(B) Section 9 of the Act governs the enforcement of arbitral awards.
(C) Section 11 of the Act deals with the enforcement of arbitral awards, not the appeal.
(D) Section 34 of the Act deals with the enforcement of an arbitral award.

किरण और मीरा एक मध्यस्थता में शामिल हैं, जिसमें किरण को मुआवज़े के रूप में 10 लाख रुपये दिए जाने का अधिनिर्णय दिया गया था । मीरा ने यह तर्क देते हुए राशि का भुगतान करने से इनकार कर दिया कि मध्यस्थता प्रक्रिया में कुछ प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के कारण अधिनिर्णय लागू करने योग्य नहीं था । किरण ने मध्यस्थता अधिनिर्णय को लागू करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया।
मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 का निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान मध्यस्थता अधिनिर्णय को लागू करने को नियंत्रित करता है ?
(A) अधिनियम की धारा 36 मध्यस्थता अधिनिर्णय को स्वतः लागू करने की अनुमति देती है जब तक कि अदालत द्वारा इसे रद्द न कर दिया जाए ।
(B) अधिनियम की धारा 9 मध्यस्थता अधिनिर्णयों को लागू करने को नियंत्रित करती है ।
(C) अधिनियम की धारा 11 मध्यस्थता अधिनिर्णयों को लागू करने से संबंधित है, अपील से नहीं ।
(D) अधिनियम की धारा 34 मध्यस्थता अधिनिर्णय को लागू करने से संबंधित है ।

**26.** As per Section 78(2) of the BSA 2023, presumption about the officer signing or certifying a document is :
(A) The officer did not hold the claimed officer character at the time of signing
(B) The officer held the official character claimed when signing or certifying the document
(C) The document's authenticity is independent of the official's official character
(D) The officer's signature is assumed to be forgery

बी.एस.ए. (BSA) 2023 की धारा 78(2) के अनुसार, किसी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने या उसे प्रमाणित करने वाले अधिकारी के बारे में धारणा क्या है ?
(A) हस्ताक्षर करते समय अधिकारी के पास दावा किया गया आधिकारिक पद नहीं था ।
(B) दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर या प्रमाणन करते समय अधिकारी के पास दावा किया गया आधिकारिक पद था ।
(C) दस्तावेज़ की प्रामाणिकता अधिकारी के आधिकारिक पद से स्वतंत्र है ।
(D) अधिकारी के हस्ताक्षर को जाली माना जाता है ।

**27.** Under Section 15 of Hindu Marriage Act, 1955 the divorced person, to marry again ______.
(A) have to wait for a period of six month from the date of the decree.
(B) may marry immediately thereafter without the leave of the court as a matter of right.
(C) None of these
(D) have to wait for a period of one year from the date of the decree.

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 15 के तहत तलाकशुदा व्यक्ति को दोबारा शादी करने के लिए ______
(A) डिक्री की तारीख से छह महीने की अवधि तक इंतजार करना होगा ।
(B) अधिकार के तौर पर अदालत की अनुमति के बिना तुरंत बाद शादी कर सकता है ।
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) डिक्री की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक इंतजार करना होगा ।

**28.** Aarti and Rajesh have been married for five years. Over time, Aarti has been subjected to continuous cruelty by Rajesh, which has led to emotional and mental distress. Aarti decides to file for divorce on the grounds of cruelty under Section 13(1)(ia) of the Hindu Marriage Act, 1955.

Which of the following statements is true regarding the grounds for divorce under the Hindu Marriage Act ?

(A) Aarti can seek divorce on the grounds of cruelty, as long as she proves mental or physical cruelty.

(B) Aarti cannot seek divorce on the grounds of cruelty as it is not recognized under the Hindu Marriage Act.

(C) Aarti must prove Rajesh's cruelty was intentional to succeed in the divorce petition.

(D) Aarti can only seek divorce on the grounds of adultery.

आरती और राजेश की शादी को पाँच साल हो चुके हैं । इस दौरान, राजेश द्वारा आरती पर लगातार अत्याचार किया जाता रहा है, जिससे उसे भावनात्मक और मानसिक परेशानी होती रही है । हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1)(ia) के तहत क्रूरता के आधार पर आरती तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने का फैसला करती है ।

हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक के आधार के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) आरती क्रूरता के आधार पर तलाक की माँग तभी कर सकती है, जब वह मानसिक या शारीरिक क्रूरता साबित कर दे ।

(B) आरती क्रूरता के आधार पर तलाक की माँग नहीं कर सकती क्योंकि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत इसे मान्यता नहीं दी गई है ।

(C) तलाक की याचिका में सफल होने के लिए आरती को यह साबित करना होगा कि राजेश की क्रूरता जानबूझकर की गई थी ।

(D) आरती केवल व्यभिचार के आधार पर तलाक की माँग कर सकती है ।

**29.** On matters where Dayabhaga is silent, what prevails ?

(A) The Smritis (B) The Shrutis (C) Mitakshara (D) The local customs

जिन मामलों में दायभाग अनभिव्यक्त है, वहाँ क्या प्रचलित है ?

(A) स्मृतियाँ (B) श्रुति (C) मिताक्षरा (D) स्थानीय रीति-रिवाज

**30.** Nisha and Aakash are separated, and they both seek custody of their minor child, Aarav. Nisha has been the primary caregiver, while Aakash claims that he can provide better financial stability for Aarav. They both approach the court under the Guardian and Wards Act, 1890.

Which of the following factors will the court primarily consider in determining the custody of Aarav ?

(A) The gender of the child.

(B) The welfare and best interests of the child.

(C) The parent who is financially more stable is granted custody automatically.

(D) The financial stability of both parents.

निशा और आकाश अलग हो चुके हैं और वे दोनों अपने नाबालिग बच्चे आरव की कस्टडी चाहते हैं । निशा मुख्य देखभालकर्ता रही है, जबकि आकाश का दावा है कि वह आरव के लिए बेहतर वित्तीय स्थिरता प्रदान कर सकता है । वे दोनों संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 के तहत अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं ।

आरव की कस्टडी निर्धारित करने में अदालत मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस कारक पर विचार करेगी ?

(A) बच्चे का लिंग

(B) बच्चे का कल्याण और सर्वोत्तम हित

(C) जो माता-पिता वित्तीय रूप से अधिक स्थिर है, उसे स्वतः ही कस्टडी दे दी जाती है ।

(D) दोनों माता-पिता की वित्तीय स्थिरता

31. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Spoken words | i. | Sunnat - ul - Qaul |
| b. | Deepika vs. CAT | ii. | Customary Law |
| c. | Silence | iii. | Sunnat - ul – Taqrir |
| d. | Ass Kaur vs. Kartar Singh | iv. | Atypical Relationships |
| e. | Shayara Bano vs. UOI | v. | Triple Talaq |
| | | vi. | Maintenance |

Choose the correct option :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-v, e-vi
(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii, e-v
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii, e-vi
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv, e-vi

निम्नलिखित का मिलान करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | बोले गए शब्द | i. | सुन्नत–उल–कौल |
| b. | दीपिका बनाम कैट | ii. | प्रथागत कानून |
| c. | मौन | iii. | सुन्नत–उल–तक़रीर |
| d. | आस कौर बनाम करतार सिंह | iv. | विशिष्ट संबंध |
| e. | शायरा बानो बनाम भारत संघ | v. | तीन तलाक |
| | | vi. | भरण–पोषण |

सही विकल्प चुनें :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-v, e-vi
(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii, e-v
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii, e-vi
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv, e-vi

32. Which sections discusses with regard to "sapinda relationships" under the Hindu Marriage Act 1955 ?

(A) Sections 3(f) (i), 5(iv)
(B) Sections 3(f) (i) & (ii), Explanation to section 3 (g), 5(iv)
(C) Sections 3(f) (i) & (ii), Explanation to section 3 (g), 5(v)
(D) Sections 3(f) (i), 5(v)

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अंतर्गत किन धाराओं में सपिंड संबंधों के संबंध में चर्चा की गई है ?

(A) धारा 3(f) (i), 5(iv)
(B) धारा 3(f) (i) और (ii), धारा 3 (g) का स्पष्टीकरण, 5(iv)
(C) धारा 3(f) (i) और (ii), धारा 3 (g) का स्पष्टीकरण, 5(v)
(D) धारा 3(f) (i), 5(v)

33. The remedy of restitution of conjugal rights is given in Section _____ of Hindu Marriage Act, 1955.

वैवाहिक अधिकारों की पुनर्स्थापना का उपाय हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की किस धारा में दिया गया है ?

(A) 11 (B) 6 (C) 9 (D) 13

21987778

34. In which case a prison inmate sent a letter to the Supreme Court, describing physical torture, which became a pioneer in public interest litigation, though the court later abandoned the practice of considering letters ?
(A) Sunil Batra vs. Delhi Administration
(B) Mukti Morcha vs. Union of India
(C) The Narasimha Rao case
(D) Hussainara Khatoon vs. Bihar case

किस मामले में जेल के एक कैदी ने शारीरिक यातना का वर्णन करते हुए सर्वोच्च न्यायालय को एक पत्र भेजा था, जो जनहित याचिका में अग्रणी बन गया, हालाँकि बाद में न्यायालय ने पत्रों पर विचार करने की प्रथा को छोड़ दिया ?
(A) सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन
(B) मुक्ति मोर्चा बनाम भारत संघ
(C) नरसिम्हा राव मामला
(D) हुसैनारा खातून बनाम बिहार मामला

35. In the early 1980s, a social activist group discovered severe exploitation of labourers working in stone quarries near Delhi. The workers, including many children, were working in extremely hazardous conditions, living in makeshift shelters, and were effectively trapped in a cycle of debt and forced labour. The conditions revealed systematic violations of fundamental human rights. The Supreme Court was approached to look into the dire circumstances of the working persons there and one of the following views of the Court was sustained in the said case, identify from the following-
(A) The judgment primarily focused on providing monetary compensation to the affected labourers without addressing systemic issues of bonded labour.
(B) The Supreme Court recognized the right against forced labour as a fundamental right derived from the right to life and human dignity under Article 21.
(C) The Court ruled that only government agencies, and not social activists, could file petitions concerning labour rights.
(D) The Court established that the right to free legal aid is a mere directive principle and cannot be enforced as a fundamental right.

1980 के दशक की शुरुआत में, एक सामाजिक कार्यकर्ता समूह ने दिल्ली के पास पत्थर की खदानों में काम करने वाले मजदूरों के गंभीर शोषण का पता लगाया । कई बच्चों सहित ये मजदूर बेहद खतरनाक परिस्थितियों में काम कर रहे थे, अस्थायी आश्रय स्थलों में रह रहे थे और वास्तव में कर्ज और जबरन मजदूरी के चक्र में फंसे हुए थे । इन परिस्थितियों से मौलिक मानवाधिकारों के सुनियोजित उल्लंघन का पता चला । वहाँ काम करने वाले लोगों की भयानक परिस्थितियों को देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट से संपर्क किया गया और उक्त मामले में कोर्ट के निम्नलिखित विचारों में से एक को माना गया, जिसे निम्नलिखित में से पहचानें :
(A) निर्णय मुख्य रूप से बंधुआ मजदूरी के प्रणालीगत मुद्दों को हल किए बिना प्रभावित मजदूरों को मौद्रिक मुआवजा प्रदान करने पर केंद्रित था ।
(B) सुप्रीम कोर्ट ने जबरन मजदूरी के खिलाफ अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और मानवीय गरिमा के अधिकार से प्राप्त एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी ।
(C) कोर्ट ने फैसला सुनाया कि केवल सरकारी एजेंसियाँ, न कि सामाजिक कार्यकर्ता, श्रम अधिकारों से संबंधित याचिकाएँ दायर कर सकते हैं ।
(D) कोर्ट ने स्थापित किया कि नि:शुल्क कानूनी सहायता का अधिकार निर्देशक सिद्धांत मात्र है और इसे मौलिक अधिकार के रूप में लागू नहीं किया जा सकता है ।

36. Read the given statements and choose the correct option.
**Statement 1 :** In PIL cases, the Court plays a passive role similar to traditional cases.
**Statement 2 :** PIL is primarily focused on individual disputes.
(A) Only Statement 1 is true. (B) Only Statement 2 is true.
(C) Both statements are false. (D) Both statements are true.
निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें :
**कथन 1 :** जनहित याचिका मामलों में, न्यायालय पारंपरिक मामलों के समान निष्क्रिय भूमिका निभाता है ।
**कथन 2 :** जनहित याचिका मुख्य रूप से व्यक्तिगत विवादों पर केंद्रित होती है ।
(A) केवल कथन 1 सही है । (B) केवल कथन 2 सही है ।
(C) दोनों कथन गलत हैं । (D) दोनों कथन सही हैं ।

37. Fatima, a Muslim woman, has been divorced by her husband, Imran, through Talaq. Fatima is now seeking maintenance from Imran for herself and her two minor children. Imran argues that Fatima has remarried and, therefore, is not entitled to any maintenance.
Under Muslim law, which of the following statements is true regarding Fatima's claim for maintenance ?
(A) Fatima is entitled to maintenance only for a period of three months after the divorce.
(B) Fatima is entitled to maintenance for herself during her iddat period and for her children until they are self-supporting.
(C) Fatima can claim maintenance for herself and her children indefinitely, irrespective of her remarriage or the children's age.
(D) Fatima is not entitled to maintenance because she has remarried.
फातिमा, एक मुस्लिम महिला है, जिससे उसके पति इमरान ने तलाक के माध्यम से विवाह-विच्छेद कर लिया है । फातिमा अब इमरान से अपने और अपने दो नाबालिग बच्चों के लिए भरण-पोषण की माँग कर रही है । इमरान का तर्क है कि फातिमा ने दोबारा शादी कर ली है और इसलिए वह किसी भी भरण-पोषण की हकदार नहीं है ।
मुस्लिम कानून के तहत, फातिमा के भरण-पोषण के दावे के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(A) फातिमा तलाक के बाद केवल तीन महीने की अवधि के लिए भरण-पोषण की हकदार है ।
(B) फातिमा अपनी इद्दत अवधि के दौरान अपने लिए और अपने बच्चों के लिए तब तक भरण-पोषण की हकदार है जब तक वे आत्मनिर्भर नहीं हो जाते ।
(C) फातिमा अपने और अपने बच्चों के लिए अनिश्चित काल तक भरण-पोषण का दावा कर सकती है, भले ही उसका पुनर्विवाह हो या बच्चों की उम्र कुछ भी हो ।
(D) फातिमा भरण-पोषण की हकदार नहीं है क्योंकि उसने दोबारा शादी कर ली है ।

38. Which of the following best defines delegated legislation ?
(A) Laws enacted by Parliament or the Legislature.
(B) Laws made by an administrative authority under powers given to them by Parliament.
(C) A judicial decision made by an administrative tribunal.
(D) Legislation passed by local governments.
निम्नलिखित में से कौन सा प्रत्यायोजित विधान को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है ?
(A) संसद या विधानमंडल द्वारा अधिनियमित कानून ।
(B) संसद द्वारा उन्हें दिए गए अधिकारों के तहत प्रशासनिक प्राधिकरण द्वारा बनाए गए कानून ।
(C) प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा लिया गया न्यायिक निर्णय ।
(D) स्थानीय सरकारों द्वारा पारित विधान ।

39. In 2020 at Dhorodo village the Panchayat elections could not happen due to Covid pandemic while the tenure of the Panchayat was getting over that year itself. Mr. Haribansh, represented the people that year at the Panchayat post dissolution of the Panchayat tenure and made a law exercising the delegated power vide the Panchayatiraj Act of the state to restrict their economic activities per day to ₹ 100 only. In which of the following case this is allowed or restricted ?

(A) Patna University vs. Amita Tiwari (B) Jalan Trading vs. Union of India
(C) None of these (D) MCD vs. Birla Cotton Mills

वर्ष 2020 में धोरोड़ो गाँव में कोविड महामारी के कारण पंचायत चुनाव नहीं हो सके, जबकि उसी वर्ष पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो रहा था । श्री हरिबंश ने उस वर्ष पंचायत कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात पंचायत में लोगों का प्रतिनिधित्व किया तथा राज्य के पंचायतीराज अधिनियम के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कानून बनाया कि उनकी आर्थिक गतिविधियों की दैनिक सीमा 100 रुपये ही रहेगी । निम्नलिखित में से किस मामले में इसकी अनुमति दी गई या प्रतिबंधित किया गया ?

(A) पटना विश्वविद्यालय बनाम अमिता तिवारी (B) जालान ट्रेडिंग बनाम भारत संघ
(C) इनमें से कोई नहीं (D) एमसीडी बनाम बिरला कॉटन मिल्स

40. Which of the following is/are not ground/s for judicial review of administrative action ?

(1) Illegality (2) Irrationality
(3) Proportionality (4) Public opinion

(A) (2) and (4) (B) (1), (2) and (3)
(C) Only (4) (D) Only (2)

निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रशासनिक कार्य की न्यायिक समीक्षा के लिए आधार नहीं है/हैं ?

(1) अवैधता (2) तर्कहीनता
(3) आनुपातिकता (4) जनमत

(A) (2) और (4) (B) (1), (2) और (3)
(C) केवल (4) (D) केवल (2)

41. What does "conflict of interest" refer to in professional ethics ?

(A) A situation where two professionals disagree
(B) A conflict between ethics and laws
(C) A situation where personal interests conflict with professional duties
(D) A situation involving legal disputes

व्यावसायिक नैतिकता में "हितों का टकराव" क्या दर्शाता है ?

(A) ऐसी स्थिति जहाँ दो पेशेवर असहमत हों
(B) नैतिकता और कानूनों के बीच टकराव
(C) ऐसी स्थिति जहाँ व्यक्तिगत हित व्यावसायिक कर्तव्यों से टकराते हों
(D) कानूनी विवादों से जुड़ी स्थिति

42. Advocate Mr. X was representing a client, Mr. Y, in a property dispute case. During the proceedings, Advocate Mr. X accepted a bribe from the opposing party to delay the case, causing significant harm to Mr. Y's interests. Moreover, Mr. X failed to inform his client about critical hearing dates, leading to adverse judgments.
On the basis of the above problem, select the correct option.
(A) It is only an offence under the Prevention of Corruption Act, 2018
(B) It amounts to criminal conspiracy under the Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023
(C) It amounts to the Contempt of Court under the Contempt of Courts Act, 1971
(D) It is a violation of Rules made by the Bar Council of India for the professional ethics
अधिवक्ता श्री X एक संपत्ति विवाद मामले में एक मुवक्किल, श्री Y का प्रतिनिधित्व कर रहे थे । कार्यवाही के दौरान, अधिवक्ता श्री X ने मामले में देरी करने के लिए विरोधी पक्ष से रिश्वत स्वीकार की, जिससे श्री Y के हितों को काफी नुकसान पहुँचा । इसके अलावा, श्री X अपने मुवक्किल को महत्वपूर्ण सुनवाई की तारीखों के बारे में सूचित करने में विफल रहे, जिससे प्रतिकूल निर्णय हुए ।
उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही विकल्प चुनें ।
(A) यह केवल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 2018 के तहत एक अपराध है ।
(B) यह भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत आपराधिक साजिश के अंतर्गत आता है ।
(C) यह न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत न्यायालय की अवमानना के अंतर्गत आता है ।
(D) यह पेशेवर नैतिकता के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बनाए गए नियमों का उल्लंघन है ।

43. The nature of proceedings in the cases of professional misconduct :
(1) Criminal in nature
(2) Neither civil nor criminal
(3) Quasi-criminal in nature
(4) Civil in nature
(A) Only (2)
(B) Only (3)
(C) (1), (3) and (4)
(D) Both (1) and (4)
व्यावसायिक कदाचार के मामलों में कार्यवाही की प्रकृति होती है:
(1) आपराधिक प्रकृति
(2) न सिविल और न ही आपराधिक
(3) अर्ध-आपराधिक प्रकृति
(4) सिविल प्रकृति
(A) केवल (2)
(B) केवल (3)
(C) (1), (3) और (4)
(D) (1) और (4) दोनों

44. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).
**Assertion (A)** : The concept of "locus standi" is relaxed in PIL cases.
**Reason (R)** : PIL allows any public-spirited person to approach the court on behalf of those who cannot represent themselves.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) (A) is false, and (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A)** : जनहित याचिका मामलों में "सुने जाने का अधिकार" की अवधारणा में ढील दी गई है ।
**कारण (R):** जनहित याचिका किसी भी जनहितैषी व्यक्ति को उन लोगों की ओर से अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देती है जो खुद का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते ।
उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(B) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(C) (A) गलत है, और (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**45.** As per Section 2(84) Share means share in the share capital of a Company and includes ______.

(1) Debentures
(2) Preference Shares
(3) Stocks
(4) Bonds

(A) (1), (2) and (3)
(B) Only (3)
(C) (1), (2), (3) and (4)
(D) (1) and (2)

धारा 2(84) के अनुसार शेयर का अर्थ है किसी कंपनी की शेयर पूँजी में हिस्सा और इसमें ______ शामिल है।

(1) डिबेंचर
(2) अधिमानी शेयर
(3) स्टॉक
(4) बॉन्ड

(A) (1), (2) और (3)
(B) केवल (3)
(C) (1), (2), (3) और (4)
(D) (1) और (2)

**46.** Section 43 of the Companies Act, 2013 provides for ________.

(A) Kinds of Shares Capital
(B) Buy Back of Shares
(C) Reduction in Share Capital
(D) Issue of Shares at Premium

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 43 में किसका प्रावधान है ?

(A) शेयर पूँजी के प्रकार
(B) शेयरों की पुनर्खरीद
(C) शेयर पूँजी में कमी
(D) प्रीमियम पर शेयर जारी करना

**47.** A manufacturing company in the city of Surat named as "X" has been discharging untreated industrial waste into a nearby river, violating the provisions of the Environment Protection Act, 1986 and the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974. This has resulted in severe pollution, making the river water unsafe for drinking and harming aquatic life. Local farmers and residents, who rely on the river for irrigation and daily needs, have started facing health issues and crop failures due to the contaminated water. Despite multiple complaints to the local pollution control board, no action has been taken against the company.

Based on the above problem, select the correct answer.

(A) It is the violation of Section 40 of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974.
(B) It is not the violation of the provisions of the laws stated in the problem.
(C) It is the violation of Section 23 of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974.
(D) It is the violation of Section 24 of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974.

सूरत शहर में "X" नामक एक विनिर्माण कंपनी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट को पास की नदी में बहा रही है। इससे गंभीर प्रदूषण हुआ है, जिससे नदी का पानी पीने के लिए असुरक्षित हो गया है और जलीय जीवन को नुकसान पहुँच रहा है।
स्थानीय किसान और निवासी, जो सिंचाई और दैनिक जरूरतों के लिए नदी पर निर्भर हैं, दूषित पानी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और फसल विफलताओं का सामना करने लगे हैं। स्थानीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कई शिकायतों के बावजूद, कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।
उपरोक्त समस्या के आधार पर सही उत्तर चुनें।

(A) यह जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 40 का उल्लंघन है।
(B) यह समस्या में बताए गए कानूनों के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।
(C) यह जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 23 का उल्लंघन है।
(D) यह जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 24 का उल्लंघन है।

48. Which of the following Acts is popularly known as Umbrella Legislation ?

(A) The Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981

(B) The Factories Act, 1948

(C) The Environment (Protection) Act, 1986

(D) The Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974

निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम अम्ब्रेला विधान के नाम से लोकप्रिय है ?

(A) वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981

(B) कारखाना अधिनियम, 1948

(C) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

(D) जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974

49. Which of the following is/are included under Section 2(1)(w) of the Information Technology Act, 2000 describing the Intermediary ?

(1) Cyber Cafes
(2) Telecom Regulators
(3) Social Media Platforms
(4) Internet Service Providers

(A) (1), (3) and (4)
(B) (1), (2) and (4)
(C) (1), (2), (3) and (4)
(D) (1), (2) and (3)

मध्यस्थ का वर्णन करने वाले सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 2(1)(w) के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा/से शामिल है/हैं ?

(1) साइबर कैफे
(2) दूरसंचार नियामक
(3) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म
(4) इंटरनेट सेवा प्रदाता

(A) (1), (3) और (4)
(B) (1), (2) और (4)
(C) (1), (2), (3) और (4)
(D) (1), (2) और (3)

50. Appropriate procedural safeguards help reduce threats to objectivity and counter any perception of possible bias, which of the following is/are not procedural safeguard/s ?

(1) Act in a fraudulent manner

(2) Providing peer-review of valuation, if necessary

(3) Non-Disclosure of any prior association with the client

(4) Non-Disclosure of any possible source of conflict of interest

(A) Only (2) (B) Only (4) (C) (2) and (4) (D) (3) and (4)

उचित प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय निष्पक्षता के लिए खतरों को कम करने और संभावित पूर्वाग्रह की किसी भी धारणा का मुकाबला करने में मदद करते हैं । निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय नहीं है/हैं ?

(1) धोखाधड़ीपूर्ण तरीके से कार्य करना ।

(2) यदि आवश्यक हो तो मूल्यांकन की समकक्ष समीक्षा प्रदान करना ।

(3) ग्राहक के साथ किसी भी पूर्व संबंध का खुलासा न करना ।

(4) हितों के टकराव के किसी भी संभावित स्रोत का खुलासा न करना ।

(A) केवल (2) (B) केवल (4) (C) (2) और (4) (D) (3) और (4)

51. Which of the following is/are included under the definition of employer given under The Industrial Relations Code, 2020 ?

(1) Occupier of the factory
(2) Contractor
(3) Manager of the factory
(4) Managing director of the factory

(A) (1), (3) and (4)
(B) (1), (2) and (4)
(C) (1), (2) and (3)
(D) (4) Only

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के तहत नियोक्ता की परिभाषा में निम्नलिखित में से कौन शामिल है/हैं ?

(1) कारखाने का अधिभोगी
(2) ठेकेदार
(3) कारखाने का प्रबंधक
(4) कारखाने का प्रबंध निदेशक

(A) (1), (3) और (4)
(B) (1), (2) और (4)
(C) (1), (2) और (3)
(D) केवल (4)

2198778

52. Which of the following legislations has been included under the Social Security Code, 2020 ?

(1) The Maternity Benefit Act, 1961
(2) The Payment of Gratuity Act, 1972
(3) The Payment of Bonus Act, 1965
(4) The Employment Exchanges (Compulsory Notification of Vacancies) Act, 1959

(A) (3) and (4)
(B) (1), (2) and (4)
(C) (1), (2), (3) and (4)
(D) Only (3)

निम्नलिखित में से कौन सा कानून सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत शामिल किया गया है ?

(1) मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961
(2) ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972
(3) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965
(4) रोज़गार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959

(A) (3) और (4)
(B) (1), (2) और (4)
(C) (1), (2), (3) और (4)
(D) केवल (3)

53. ________ have not been set up under the provisions of the Industrial Disputes Act, 1947 for adjudication of industrial disputes in an organization.

(A) Environmental Tribunals
(B) Labour Courts
(C) National Tribunal
(D) Industrial Tribunals

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के तहत किसी संगठन में औद्योगिक विवादों के न्यायनिर्णयन के लिए इनमें से किसकी स्थापना नहीं की गई है ?

(A) पर्यावरण न्यायाधिकरण
(B) श्रम न्यायालय
(C) राष्ट्रीय न्यायाधिकरण
(D) औद्योगिक न्यायाधिकरण

**54.** XYZ Textiles Ltd., a manufacturing company, recently terminated 04 workers without providing any compensation. The termination was because of the misconduct on the part of the workers. The company issued a show cause notice and the disciplinary enquiry was also conducted against them. On the basis of the recommendations of the committee the services of these employees were terminated. The workers claimed the retrenchment compensation which was rejected by the management. Aggrieved by the rejection the workers have filed a complaint in the Labour Court under the provisions of the Industrial Disputes Act, 1947.

Based on the above problem, select the correct answer.

(A) The termination amounts to lay-off, hence compensation will be awarded.

(B) The termination amounts to retrenchment, hence compensation will be awarded.

(C) The termination violated the provisions under the Industrial Disputes Act, 1947, hence the compensation will be awarded.

(D) The termination does not amount to retrenchment, hence no compensation.

विनिर्माण कंपनी XYZ टेक्सटाइल्स लिमिटेड ने हाल ही में बिना कोई मुआवजा दिए 04 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया । यह बर्खास्तगी कर्मचारियों के कदाचार के कारण हुई थी । कंपनी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक जाँच भी की गई । समिति की सिफारिशों के आधार पर इन कर्मचारियों की सेवाएँ समाप्त कर दी गईं । कर्मचारियों ने छँटनी मुंआवजे का दावा किया जिसे प्रबंधन ने खारिज कर दिया । अस्वीकृति से व्यथित कर्मचारियों ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के तहत श्रम न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई है ।

उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही उत्तर चुनें ।

(A) बर्खास्तगी ले–ऑफ के बराबर है, इसलिए मुआवजा दिया जाएगा ।

(B) बर्खास्तगी छँटनी के बराबर है, इसलिए मुआवजा दिया जाएगा ।

(C) बर्खास्तगी ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत प्रावधानों का उल्लंघन किया, इसलिए मुआवजा दिया जाएगा ।

(D) बर्खास्तगी छँटनी नहीं है, इसलिए कोई मुआवजा नहीं ।

**55.** Malti, a small business owner, runs an online clothing store. Recently, she noticed that her website had been hacked, and her customers' personal information, including names, addresses, and payment details, was stolen. Shortly after, some of her customers reported unauthorized transactions on their accounts. Malti wishes to file a complaint against the incident.

On the basis of the above problem select the correct option.

(A) It is punishable only under the criminal laws.

(B) It is punishable under Section 66 of the Information Technology Act, 2000 and the customers can also claim the compensation under certain circumstances.

(C) The customers do not have any legal remedy under the Information Technology Act, 2000.

(D) It is punishable under Section 66 of the Information Technology Act, 2000.

मालती एक छोटी व्यवसायी हैं और ऑनलाइन कपड़ों की दुकान चलाती हैं । हाल ही में, उन्होंने देखा कि उनकी वेबसाइट हैक कर ली गई है और उनके ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी, जिसमें नाम, पता और भुगतान विवरण शामिल हैं, चुरा ली गई है । कुछ ही समय बाद, उनके कुछ ग्राहकों ने अपने खातों में अनधिकृत लेनदेन की सूचना दी । मालती इस घटना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहती हैं ।

उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही विकल्प चुनें ।

(A) यह केवल आपराधिक कानूनों के तहत दंडनीय है ।

(B) यह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 के तहत दंडनीय है और ग्राहक कुछ परिस्थितियों में मुआवजे का दावा भी कर सकते हैं ।

(C) ग्राहकों के पास सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत कोई कानूनी उपाय नहीं है ।

(D) यह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 के तहत दंडनीय है ।

56. Mr B told Mr A to leave the premises in occupation of Mr A. When Mr A refused then Mr B collected some of his workmen who mustered round Mr A. They tucking up their sleeves and aprons and threatened to break the plaintiff's neck, he did not leave. Under which tortious act, Mr A can file the case ?

(A) Assault
(B) Battery
(C) Hurt
(D) False Imprisonment

श्री बी (B) ने श्री ए (A) को श्री ए (A) के कब्जे वाले परिसर को छोड़ने के लिए कहा । जब श्री ए (A) ने मना कर दिया तो श्री बी (B) ने अपने कुछ कामगारों को इकट्ठा किया जो श्री ए (A) के चारों ओर इकट्ठा हो गए । उन्होंने अपनी आस्तीन और एप्रन ऊपर कर लिए और वादी की गर्दन तोड़ने की धमकी दी, लेकिन वह नहीं गया । श्री ए (A) किस अपकृत्य कृत्य के तहत मामला दर्ज कर सकता है ?

(A) हमला
(B) मारपीट
(C) चोट पहुँचाना
(D) गैर-कानूनी कैद

57. Ms J knowing while taking the lift that driver Mr T was under the influence of alcohol. Consequently, car met with an accident and Ms J got injuries and she has filed the case for compensation. Which defence could be claimed by Mr T ?

(A) Act of God
(B) Inevitable Accident
(C) Act of Necessity
(D) Volenti-non-fit-injuria

लिफ्ट लेते समय सुश्री जे (J) को पता था कि ड्राइवर श्री टी (T) शराब के नशे में है । परिणामस्वरूप, कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और सुश्री जे को चोटें आईं और उन्होंने मुआवजे के लिए मामला दायर किया । श्री टी (T) द्वारा किस बचाव का दावा किया जा सकता है ?

(A) ईश्वरीय कृत्य
(B) अपरिहार्य दुर्घटना
(C) आवश्यकता का कृत्य
(D) वोलेन्टी-नॉन-फिट-इंजुरिया

58. Mr K is owner of a building containing a large number of rooms and had derived a considerable income by letting them. Mr Y is owner of an adjacent cotton mill which erected after the occupation by Mr K. Owing to noise and smoke of the mill several rooms remain vacated that results into loss for Mr K. Examine relevant tort for the case.

(A) Trespass to land
(B) Nuisance
(C) Negligence
(D) Damnum-sine-injuria

श्री के (K) एक इमारत के मालिक हैं जिसमें बहुत सारे कमरे हैं और उन्हें किराए पर देकर उन्होंने काफी आय अर्जित की है । श्री वाई (Y) पास की कपास मिल के मालिक हैं जिसे श्री के (K) द्वारा कब्जे के बाद बनाया गया था । मिल के शोर और धुएँ के कारण कई कमरे खाली रह जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप श्री के (K) को नुकसान होता है । मामले के लिए प्रासंगिक अपकृत्य की जाँच करें ।

(A) भूमि पर अतिक्रमण
(B) उपद्रव
(C) लापरवाही
(D) डैमनम-साइन-इंजुरिया

59. There was a collision between two buses, one owned by the government and another was a private bus. Wherein private bus was coming from wrong side and government bus was coming rashly, neither slowing down his bus after seeing the other bus. Determine the tortious act.

(A) Government bus owner is negligent.

(B) Inevitable accident.

(C) Contributory negligence.

(D) Private bus owner is negligent.

दो बसों के बीच टक्कर हो गई, जिनमें से एक सरकारी थी और दूसरी निजी बस थी। जिसमें निजी बस गलत दिशा से आ रही थी और सरकारी बस लापरवाही से आ रही थी, दोनों ने दूसरी बस को देखकर अपनी बस की गति धीमी नहीं की। अपकृत्यपूर्ण कार्य का निर्धारण करें।

(A) सरकारी बस मालिक लापरवाह है। (B) अपरिहार्य दुर्घटना

(C) अंशदायी लापरवाही (D) निजी बस मालिक लापरवाह है।

60. The term "Income" is described in the Income Tax Act, 1961 under ________.

(A) Section 2 (40) (B) Section 3 (C) Section 10E (D) Section 2 (24)

आयकर अधिनियम, 1961 में "आय" शब्द का वर्णन ______ के अंतर्गत किया गया है।

(A) धारा 2 (40) (B) धारा 3 (C) धारा 10E (D) धारा 2 (24)

61. Mr. X deposits ₹ 65,000 in the term deposit of 5 years with the Post Office to avail tax deduction under section 80C. Assuming Mr. X does not opt for concessional tax regime u/s 115BAC of the Income Tax Act, 1961.

On the basis of the above problem, select the correct option.

(A) Mr. X is not guilty of either tax evasion/tax avoidance.

(B) No tax deduction can be availed under Section 80 C.

(C) It is an unlawful act to treat a personal expenditure.

(D) Mr. X is guilty of tax evasion/tax avoidance.

श्री X ने धारा 80 C के तहत कर कटौती का लाभ उठाने के लिए डाकघर में 5 साल के लिए सावधि जमा में 65,000 रुपये जमा किए। मान लें कि श्री X आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 बी.ए.सी. के तहत रियायती कर व्यवस्था का विकल्प नहीं चुनते हैं।

उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही विकल्प चुनें।

(A) श्री X कर चोरी/कर परिहार का दोषी नहीं है।

(B) धारा 80 C के तहत कोई कर कटौती का लाभ नहीं उठाया जा सकता है।

(C) यह व्यक्तिगत व्यय के व्यवहार का एक गैर-कानूनी कार्य है।

(D) श्री X कर चोरी/कर परिहार का दोषी है।

62. Read the given statements and choose the correct option :

**Statement 1 :** Agricultural income is exempt from tax under Section 10(1) of Income Tax Act, 1961.

**Statement 2 :** Tax on Non-Agricultural in case of Non-Agricultural Income exceeds Basic Exemption limit and Agricultural Income exceeds ₹ 5000/- is determined by Scheme of Partial Integration of Non-Agricultural Income with Agricultural Income.

(A) Only Statement 1 is true.
(B) Only Statement 2 is true.
(C) Both the Statements are correct.
(D) Both the Statements are incorrect.

निम्न कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें :

**कथन 1 :** आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(1) के तहत कृषि आय कर से मुक्त है ।

**कथन 2 :** गैर–कृषि आय के मामले में गैर–कृषि पर कर मूल छूट सीमा से अधिक है और कृषि आय 5000 रुपये से अधिक है, जिसे गैर–कृषि आय के साथ कृषि आय के आंशिक एकीकरण की योजना द्वारा निर्धारित किया जाता है ।

(A) केवल कथन 1 सही है ।
(B) केवल कथन 2 सही है ।
(C) दोनों कथन सही हैं ।
(D) दोनों कथन गलत हैं ।

63. Ms J, a banker refuses to honour cheque of Ms F. Though she was having sufficient balance yet it doesn't suffer any loss to Ms F. Ms F can file the case under which scenario ?

(A) Injuria-sine-damnum
(B) Damnum-sine-injuria
(C) Res-ipsa- loquitur
(D) Volenti-non-fit-injuria

सुश्री जे (J) बैंकर हैं, जिन्होंने सुश्री एफ (F) का चेक स्वीकार करने से मना कर दिया । यद्यपि उनके पास पर्याप्त शेष राशि थी, और इससे सुश्री एफ (F) को कोई नुकसान भी नहीं हुआ । सुश्री एफ (F) किस परिदृश्य के तहत मामला दायर कर सकती हैं ?

(A) इंजुरिया-साइन-डैमनम
(B) डैमनम-साइन-इंजुरिया
(C) रेस-इप्सा-लोक्विटर
(D) वोलेन्टी-नॉन-फिट-इंजुरिया

64. An agreement not enforceable by law is stated to be void under ________.

(A) Section 2(e)
(B) Section 2(f)
(C) Section 2(g)
(D) Section 2(d)

कानून द्वारा लागू न किए जा सकने वाले अनुबंध को ______ के तहत शून्य कहा जाता है ।

(A) धारा 2(ई)
(B) धारा 2(एफ)
(C) धारा 2(जी)
(D) धारा 2(डी)

65. The concept of invalid guarantee is covered under Sections ________.

अमान्य गारंटी की अवधारणा धारा ________ के अंतर्गत आती है ।

(A) 142-144
(B) 143-147
(C) 140-143
(D) 142-146

66. "A", a real estate developer, entered into a contract with "B", the owner of a piece of prime land, for the purchase of her property. The contract stipulated that "A" would pay ₹50 lakhs in advance and the remaining ₹ 1 crore within six months. In return, "B" agreed to transfer the title to the land.
However, after receiving the advance payment, "B" refused to execute the sale deed, claiming that she received a better offer from another buyer. "A" demanded the enforcement of the contract under the Specific Relief Act, 1963, but "B" denied his claim. "A" has to file a suit in a court of law.
On the basis of the above problem, select the correct answer.
(A) "A" may file a suit in the special court constituted under the Specific Relief Act, 1963.
(B) "A" may file a suit in the civil court having the powers under the Civil Procedure Code, 1908.
(C) No suit can be brought against "A" as there in no breach of contract.
(D) "A" may file a suit in the criminal court having the powers under the Bhartiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023.

रियल एस्टेट डेवलपर "A" ने एक प्रमुख भूमि के मालिक "B" के साथ उसकी संपत्ति खरीदने के लिए एक अनुबंध किया। अनुबंध में यह शर्त रखी गई थी कि "A" 50 लाख रुपये अग्रिम भुगतान करेगा और शेष 1 करोड़ रुपये छह महीने के भीतर देगा। बदले में, "B" भूमि का स्वामित्व हस्तांतरित करने के लिए सहमत हो गया।
हालाँकि, अग्रिम भुगतान प्राप्त करने के बाद, "B" ने बिक्री विलेख को निष्पादित करने से इनकार कर दिया, यह दावा करते हुए कि उसे किसी अन्य खरीदार से बेहतर प्रस्ताव मिला है। "A" ने विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के तहत अनुबंध के प्रवर्तन की माँग की, लेकिन "B" ने उसके दावे को अस्वीकार कर दिया। "A" को अदालत में मुकदमा दायर करना होगा।
उपरोक्त समस्या के आधार पर सही उत्तर चुनें।
(A) "A" विशिष्ट राहत अधिनियम, 1963 के तहत गठित विशेष न्यायालय में मुकदमा दायर कर सकता है।
(B) "A" सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत शक्तियों वाले सिविल न्यायालय में मुकदमा दायर कर सकता है।
(C) "A" के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं लाया जा सकता क्योंकि अनुबंध का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है।
(D) "A" भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत शक्तियों वाले आपराधिक न्यायालय में मुकदमा दायर कर सकता है।

67. "A" transfers a piece of land to "B" on the condition that "B" shall not transfer the land to anyone else for the next 10 years. In this case, "B" has no right to transfer the land to someone else for the next 10 years.
On the basis of the above problem, select the correct option.
(A) It amounts to Conditional Limitations on Transfer of Property.
(B) It amounts to Subsequent Transfer of Property.
(C) It amounts to conditions precedent in the Transfer of Property.
(D) It amounts to Conditional Transfer of Property.

"A" इस शर्त पर "B" को भूमि का एक टुकड़ा हस्तांतरित करता है कि "B" अगले 10 वर्षों तक भूमि को किसी और को हस्तांतरित नहीं करेगा। इस मामले में, "B" को अगले 10 वर्षों तक भूमि को किसी और को हस्तांतरित करने का कोई अधिकार नहीं है।
उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही विकल्प चुनें।
(A) यह संपत्ति के हस्तांतरण पर सशर्त सीमाओं के बराबर है।
(B) यह संपत्ति के उत्तरवर्ती हस्तांतरण के बराबर है।
(C) यह संपत्ति के हस्तांतरण में पूर्ववर्ती शर्तों के बराबर है।
(D) यह संपत्ति के सशर्त हस्तांतरण के बराबर है।

68. Mr. Rajesh issued a cheque of ₹ 50,000 to his supplier, Mr. Sharma, for the payment of goods purchased. When Mr. Sharma deposited the cheque, it was returned by the bank with the remark "Insufficient Funds".
On the basis of the above problem, select the correct option.
(A) A complaint in writing is to be made by Mr. Sharma in the court within one month for the dishonour of the cheque.
(B) A complaint in writing is to be made by Mr. Sharma in the court within five months for the dishonour of the cheque.
(C) A complaint in writing is to be made by Mr. Sharma in the court within two months for the dishonour of the cheque.
(D) A complaint in writing is to be made by Mr. Sharma in the court within three months for the dishonour of the cheque.

श्री राजेश ने खरीदे गए माल के भुगतान के लिए अपने आपूर्तिकर्ता श्री शर्मा को ₹ 50,000 का चेक जारी किया। जब श्री शर्मा ने चेक जमा किया, तो बैंक ने इसे "अपर्याप्त निधि" टिप्पणी के साथ वापस कर दिया। उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही विकल्प चुनें।
(A) चेक अनादरित होने के संबंध में श्री शर्मा द्वारा एक माह के भीतर न्यायालय में लिखित शिकायत की जानी है।
(B) चेक अनादरित होने के संबंध में श्री शर्मा द्वारा पाँच माह के भीतर न्यायालय में लिखित शिकायत की जानी है।
(C) चेक अनादरित होने के संबंध में श्री शर्मा द्वारा दो माह के भीतर न्यायालय में लिखित शिकायत की जानी है।
(D) चेक अनादरित होने के संबंध में श्री शर्मा द्वारा तीन माह के भीतर न्यायालय में लिखित शिकायत की जानी है।

69. Rent-Free Accommodation provided by an employer to employee is ________.
(A) Perquisite as per Section 16(2) of the Income Tax Act
(B) Allowance under Section 10(13A) of the Income Tax Act
(C) Allowance under Section 10(1) of the Income Tax Act
(D) Perquisite as per Section 17(2) of the Income Tax Act

नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को प्रदान किया जाने वाला किराया-मुक्त आवास ______ है।
(A) आयकर अधिनियम की धारा 16(2) के अनुसार अनुलाभ
(B) आयकर अधिनियम की धारा 10(13A) के तहत भत्ता
(C) आयकर अधिनियम की धारा 10(1) के तहत भत्ता
(D) आयकर अधिनियम की धारा 17(2) के अनुसार अनुलाभ

70. How the recovery of specific immovable property may be enforced ?
(A) A person entitled to the possession of specific immovable property may recover it in the manner provided by the Transfer of Property Act, 1882.
(B) A person entitled to the possession of specific immovable property may recover it in the manner provided by the Code of Criminal Procedure, 1973.
(C) A person entitled to the possession of specific immovable property may recover it in the manner provided by the Code of Civil Procedure, 1908.
(D) A person entitled to the possession of specific immovable property may recover it in the manner provided by The Specific Relief Act, 1963.

विशिष्ट अचल संपत्ति की वसूली कैसे की जा सकती है ?
(A) विशिष्ट अचल संपत्ति के कब्जे का हकदार व्यक्ति संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882 द्वारा प्रदान की गई विधि से इसे पुनः प्राप्त कर सकता है।
(B) विशिष्ट अचल संपत्ति के कब्जे का हकदार व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 द्वारा प्रदान की गई विधि से इसे पुनः प्राप्त कर सकता है।
(C) विशिष्ट अचल संपत्ति के कब्जे का हकदार व्यक्ति सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 द्वारा प्रदान की गई विधि से इसे पुनः प्राप्त कर सकता है।
(D) विशिष्ट अचल संपत्ति के कब्जे का हकदार व्यक्ति विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 द्वारा प्रदान की गई विधि से इसे पुनः प्राप्त कर सकता है।

71. Which section of Law of Contract defines, "A proposal may be revoked at any ... communication of its acceptance is complete as against the proposer, but not afterwards." ?

(A) Section 4 (B) Section 6

(C) Section 7 (D) Section 5

संविदा कानून की कौन सी धारा परिभाषित करती है कि, "प्रस्ताव को किसी भी समय, प्रस्तावक के विरुद्ध उसकी स्वीकृति की सूचना पूर्ण होने से पहले रद्द किया जा सकता है, लेकिन उसके बाद नहीं ।" ?

(A) धारा 4 (B) धारा 6

(C) धारा 7 (D) धारा 5

72. According to the Land Acquisition Act (Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement), 2013, governments can acquire land for :

(i) Strategic purpose.

(ii) Projects for Families Affected by Projects.

(iii) For public-private partnership projects, where government ownership of land will remain with the government.

(A) (ii) & (iii) (B) (i) & (iii)

(C) (i), (ii) & (iii) (D) (i) & (ii)

भूमि अधिग्रहण अधिनियम (भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन), 2013 के अनुसार, सरकारें किसलिए भूमि अधिग्रहण कर सकती हैं ?

(i) रणनीतिक उद्देश्य ।

(ii) परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों के लिए परियोजनाएँ ।

(iii) सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाओं के लिए, जहाँ भूमि का सरकारी स्वामित्व सरकार के पास रहेगा ।

(A) (ii) और (iii) (B) (i) और (iii)

(C) (i), (ii) और (iii) (D) (i) और (ii)

73. Land Acquisition Act, 2013 in India has replaced which earlier legislation ?

(A) Land Acquisition Act, 1862 (B) Land Acquisition Act, 1894

(C) Land Acquisition Act, 1874 (D) Land Acquisition Act, 1956

भारत में भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 किस पुराने कानून का स्थान लेगा ?

(A) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1862 (B) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894

(C) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1874 (D) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1956

74. Soham, an independent software developer, created a mobile app called "FitLife" that provides personalized fitness plans. He registered the app's name and logo under trademark law and copyrighted the app's source code. However, six months after its launch, Soham discovered a competing app called "FitLyfe", with a similar logo and features, being marketed by a large tech company. Soham believes the competing app copied elements of his source code and intentionally used a confusingly similar name and logo to mislead customers.

On the basis of the above problem, select the correct option.

Under trademark law, can Soham claim infringement for the use of a similar name and logo by the competing app ?

(A) No, because the competing app has a different name and logo.
(B) Yes, but only if the competitor is a small business.
(C) No, trademark infringement can only occur if there is identical copying.
(D) Yes, if he can prove that the names are confusingly similar.

सोहम, एक स्वतंत्र सॉफ्टवेयर डेवलपर, ने "FitLife" नामक एक मोबाइल ऐप बनाया जो व्यक्तिगत फिटनेस प्लान प्रदान करता है। उन्होंने ट्रेडमार्क कानून के तहत ऐप का नाम और लोगो पंजीकृत किया और ऐप के सोर्स कोड को कॉपीराइट किया। हालाँकि, इसके लॉन्च के छह महीने बाद, सोहम को एक बड़ी टेक कंपनी द्वारा विपणन किए जा रहे "FitLyfe" नामक एक प्रतिस्पर्धी ऐप का पता चला, जिसमें एकसमान लोगो और सुविधाएँ थीं। सोहम का मानना है कि प्रतिस्पर्धी ऐप ने उनके सोर्स कोड के तत्वों की नकल की और ग्राहकों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर एक भ्रामक रूप से समान नाम और लोगो का उपयोग किया।

उपर्युक्त समस्या के आधार पर सही विकल्प चुनें।

ट्रेडमार्क कानून के तहत, क्या सोहम प्रतिस्पर्धी ऐप द्वारा समान नाम और लोगो के उपयोग के लिए उल्लंघन का दावा कर सकता है ?

(A) नहीं, क्योंकि प्रतिस्पर्धी ऐप का नाम और लोगो अलग है।
(B) हाँ, लेकिन केवल तभी जब प्रतिस्पर्धी एक छोटा व्यवसाय हो।
(C) नहीं, ट्रेडमार्क उल्लंघन केवल तभी हो सकता है जब समान नकल हो।
(D) हाँ, अगर वह साबित कर सकता है कि नाम भ्रामक रूप से समान हैं।

75. What is the duration of copyright protection for literary works in India ?

(A) 60 years from the date of publication
(B) Lifetime of the author plus 60 years
(C) 10 years from the date of first sale
(D) 50 years from the creation of the work

भारत में साहित्यिक कृतियों के लिए कॉपीराइट संरक्षण की अवधि क्या है ?

(A) प्रकाशन की तिथि से 60 वर्ष
(B) लेखक के जीवनकाल के अलावा 60 वर्ष
(C) पहली बिक्री की तिथि से 10 वर्ष
(D) कृति के सृजन से 50 वर्ष

76. Section 31 of the Specific Relief Act, 1963 is related to _________.

(A) Cancellation of instruments
(B) Declaratory decrees
(C) Perpetual injunction
(D) Rescission of contracts

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 31 किससे संबंधित है ?

(A) लिखतों का निरस्तीकरण
(B) घोषणात्मक आदेश
(C) शाश्वत निषेधाज्ञा
(D) संविदाओं का निरस्तीकरण

2198778

77. In which case did the Supreme Court of India held that fundamental rights cannot be waived ?

(A) Kameshwar Singh vs. State of Bihar

(B) Golaknath vs. State of Punjab

(C) Basheshar Nath vs. I.T. Commissioner

(D) Gopala vs. State of Madras

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने किस मामले में यह निर्णीत किया कि मौलिक अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता ?

(A) कामेश्वर सिंह बनाम बिहार राज्य

(B) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(C) बशेशर नाथ बनाम आयकर आयुक्त

(D) गोपाल बनाम मद्रास राज्य

78. By which Constitutional Amendment was clause (4B) inserted into Article 16 ?

किस संविधान संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 16 में खंड (4B) जोड़ा गया था ?

(A) 91 (B) 77 (C) 85 (D) 81

79. Which of the following statement is correct about 106$^{th}$ Constitutional Amendment Act ?

(i) It introduces Article 239A by which seats are reserved for women in legislative assembly of the national capital territory of Delhi.

(ii) It introduces Article 338 providing for the reservation of seats for women in the house of people.

(iii) It also adds Article 334A which states in that the said amendment will commence after the first census have been taken after the commencement of the said Act.

(iv) The above stated shall cease to have effect on the expiration of a period of 15 years from search commencement.

(A) (i), (iii) & (iv)

(B) (ii), (iii) & (iv)

(C) All of these

(D) (i), (ii) & (iii)

106वें संविधान संशोधन अधिनियम के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(i) इसमें अनुच्छेद 239A को शामिल किया गया है जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं ।

(ii) इसमें अनुच्छेद 338 को शामिल किया गया है, जिसमें लोक सभा में महिलाओं के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान है ।

(iii) इसमें अनुच्छेद 334A भी जोड़ा गया है जिसमें कहा गया है कि उक्त संशोधन उक्त अधिनियम के लागू होने के बाद पहली जनगणना होने के बाद लागू होगा ।

(iv) उपरोक्त वर्णित प्रावधान खोज प्रारंभ होने से 15 वर्ष की अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेंगे ।

(A) (i), (iii) और (iv)

(B) (ii), (iii) और (iv)

(C) ये सभी

(D) (i), (ii) और (iii)

80. The Parliament enacts the "Fair Housing Act, 2024", which includes the following provisions :
(1) Section 3 : Prohibits discrimination in renting or selling houses based on religion, caste, or gender.
(2) Section 6 : Imposes a penalty of ₹ 10,000 for discrimination.
(3) Section 10 : Makes it mandatory for landlords to disclose the religious background of all tenants in the previous 10 years.

A citizen challenges Section 10, arguing that it violates the right to privacy under Article 21 of the Indian Constitution. The Supreme Court declares Section 10 unconstitutional but upholds the other provisions of the law.

What principle did the court apply in this decision ?
(A) Doctrine of Severability
(B) Doctrine of Basic Structure
(C) Doctrine of Colourable Legislation
(D) Doctrine of Eclipse

संसद ने "फेयर हाउसिंग एक्ट, 2024" पारित किया, जिसमें निम्नलिखित प्रावधान शामिल हैं :
(1) धारा 3 : धर्म, जाति या लिंग के आधार पर मकान किराए पर देने या बेचने में भेदभाव को प्रतिबंधित करती है ।
(2) धारा 6 : भेदभाव के लिए ₹ 10,000 का जुर्माना लगाती है ।
(3) धारा 10 : मकान मालिकों के लिए पिछले 10 वर्षों में सभी किराएदारों की धार्मिक पृष्ठभूमि का खुलासा करना अनिवार्य बनाती है ।

एक नागरिक धारा 10 को चुनौती देता है, यह तर्क देते हुए कि यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है । सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 10 को असंवैधानिक घोषित किया लेकिन कानून के अन्य प्रावधानों को बरकरार रखा ।

इस निर्णय में न्यायालय ने किस सिद्धांत को लागू किया ?
(A) पृथक्करणीयता का सिद्धांत
(B) बुनियादी संरचना का सिद्धांत
(C) छद्म विधायन का सिद्धांत
(D) आच्छादन का सिद्धांत

81. The reports of the Comptroller and Auditor General of India relating to the accounts of a State shall be submitted to the __________.
(A) Committee on Public Undertakings
(B) Estimates Committee
(C) Public Accounts Committee
(D) Governor

किसी राज्य के खातों से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट किसको प्रस्तुत की जाएगी ?
(A) सार्वजनिक उपक्रम समिति
(B) प्राक्कलन समिति
(C) लोक लेखा समिति
(D) राज्यपाल

82. Which of the following Article of the Constitution of India declares that the Supreme Court shall be a court of record ?
(A) Article 111 (B) Article 129 (C) Article 135 (D) Article 119

भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद यह घोषित करता है कि सर्वोच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा ?
(A) अनुच्छेद 111 (B) अनुच्छेद 129 (C) अनुच्छेद 135 (D) अनुच्छेद 119

... case was a registered society held to be an "authority" for the purpose of Article 12 ?

(A) Ajay Hasia vs. Khalid Mujib
(B) Sukhdev vs. Bhagatram
(C) R.D. Shetty vs. International Airport Authority
(D) Som Prakash vs. Union of India

किस मामले में पंजीकृत सोसायटी को अनुच्छेद 12 के उद्देश्य के लिए "प्राधिकरण" माना गया था ?

(A) अजय हसिया बनाम खालिद मुजीब
(B) सुखदेव बनाम भगतराम
(C) आर.डी. शेट्टी बनाम अंतर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा प्राधिकरण
(D) सोम प्रकाश बनाम भारत संघ

**84.** Which Constitutional Amendment Act inserted provisions related to GST ?
किस संविधान संशोधन अधिनियम ने GST से संबंधित प्रावधान सम्मिलित किए थे ?

(A) 100 (B) 101 (C) 102 (D) 99

**85.** Who can initiate impeachment proceedings against the President of India ?

(A) Supreme Court
(B) Only Lok Sabha
(C) Rajya Sabha
(D) Either House of Parliament

भारत के राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही कौन शुरू कर सकता है ?

(A) सर्वोच्च न्यायालय
(B) केवल लोकसभा
(C) राज्य सभा
(D) संसद का कोई भी सदन

**86.** Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023 considers force to be "Criminal Force" :

(A) When intentionally uses force only.
(B) When it is used intentionally without consent, causing injury, fear or annoyance.
(C) When it is used in self-defence.
(D) When it is used unintentionally.

भारतीय न्याय संहिता, 2023 किस बल को "आपराधिक" बल मानता है ?

(A) जब जानबूझकर केवल बल का प्रयोग किया जाए।
(B) जब इसका प्रयोग जानबूझकर बिना सम्मति के किया जाए, जिससे चोट, भय या क्षोभ पैदा हो।
(C) जब इसका प्रयोग आत्मरक्षा में किया जाए।
(D) जब इसका अनजाने में प्रयोग किया जाए।

**87.** According to Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023, what is the maximum fine for making or using a document that resembles a currency note or a bank note under Section 182(1) ?

(A) Five hundred rupees
(B) Three hundred rupees
(C) One thousand rupees
(D) One hundred rupees

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अनुसार, धारा 182(1) के तहत करेंसी नोट या बैंक नोट जैसा दिखने वाला दस्तावेज़ बनाने या इस्तेमाल करने पर अधिकतम जुर्माना कितना है ?

(A) पाँच सौ रुपये (B) तीन सौ रुपये (C) एक हज़ार रुपये (D) एक सौ रुपये

88. According to the provisions of the Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023, the right of private defence of property extends to the voluntary causing of death or of any other harm to the wrong-doer in which of the offences committed or attempting to be committed ?
(1) Robbery
(2) House-breaking after sunset
(3) Theft, mischief or house trespass
(A) (1) and (3) both
(B) (1) and (2) both
(C) (1), (2) and (3)
(D) (1) only

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार, संपत्ति की निजी रक्षा का अधिकार किस अपराध के करने या करने के प्रयास करने वाले गलत कर्ता की जानबूझकर मृत्यु कारित करने या कोई अन्य नुकसान पहुँचाने तक विस्तारित है ?
(1) डकैती
(2) सूर्यास्त के बाद घर में सेंधमारी
(3) चोरी, रिष्टि या गृह अतिचार
(A) (1) और (3) दोनों
(B) (1) और (2) दोनों
(C) (1), (2) और (3)
(D) केवल (1)

89. Rajesh, in a heated argument with Sunil, strikes him with a heavy iron rod. The blow fractures Sunil's arm, and he is unable to use it for several weeks. The medical report confirms that the fracture amounts to grievous hurt.
Which of the following offenses has Rajesh committed ?
(A) Voluntarily causing grievous hurt under Section 325 of IPC
(B) Voluntarily causing hurt under Section 324 of IPC
(C) Attempt to commit culpable homicide under Section 308 of IPC
(D) Simple hurt under Section 323 of IPC

राजेश, सुनील के साथ तीखी बहस में, उसे लोहे की भारी छड़ से मारता है । इस वार से सुनील का हाथ टूट जाता है और वह कई हफ़्तों तक उसका इस्तेमाल नहीं कर पाता । मेडिकल रिपोर्ट से पुष्टि होती है कि फ्रैक्चर गंभीर चोट के बराबर है ।
राजेश ने निम्नलिखित में से कौन सा अपराध किया है ?
(A) IPC की धारा 325 के तहत जानबूझकर गंभीर चोट पहुँचाना
(B) IPC की धारा 324 के तहत जानबूझकर चोट पहुँचाना
(C) IPC की धारा 308 के तहत गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास
(D) IPC की धारा 323 के तहत साधारण चोट पहुँचाना

90. Amit, intending to cause the death of Vijay, attacks him with a knife. Vijay sustains severe injuries and dies on the spot. The investigation reveals that Amit acted with the knowledge that his actions were likely to cause death. However, there is no evidence of premeditation or intent to murder Vijay.
Which of the following offenses has Amit committed ?
(A) Culpable homicide not amounting to murder under Section 304 of IPC
(B) Causing death by negligence under Section 304A of IPC
(C) Voluntarily causing grievous hurt under Section 325 of IPC
(D) Murder under Section 302 of IPC

विजय की हत्या करने के इरादे से अमित ने उस पर चाकू से हमला किया । विजय को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई । जाँच से पता चला कि अमित ने यह जानते हुए कृत्य किया कि उसके कृत्यों से उसकी मौत हो सकती थी । हालाँकि, विजय की हत्या की पूर्व योजना या इरादे का कोई सबूत नहीं है ।
अमित ने निम्नलिखित में से कौन सा अपराध किया है ?
(A) IPC की धारा 304 के तहत गैर इरादतन हत्या
(B) IPC की धारा 304A के तहत लापरवाही से मौत कारित करना
(C) IPC की धारा 325 के तहत जानबूझकर गंभीर चोट पहुँचाना
(D) IPC की धारा 302 के तहत हत्या

91. Which article deals with the powers, privileges, and immunities of Parliament and its members ?
कौन सा अनुच्छेद संसद और उसके सदस्यों की शक्तियों, विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों से संबंधित है ?
(A) 105 (B) 108 (C) 102 (D) 107

92. Punishment for rape in cases where the victim is a woman below the age of 16 or 12 is included in which section of the BNS ?
बलात्कार के मामले में सजा को बी.एन.एस. (BNS) की किस धारा में शामिल किया गया है, जिसमें पीड़िता 16 या 12 वर्ष से कम आयु की महिला है ?
(A) 65 (B) 63 (C) 72 (D) 64

93. A new offense of 'Snatching' has been introduced by the BNS. Which section of the BNS defines 'Snatching' as an offense ?
बी.एन.एस. (BNS) द्वारा 'स्नैचिंग' का एक नया अपराध शामिल किया गया है । बी.एन.एस. (BNS) की कौन सी धारा 'स्नैचिंग' को अपराध के रूप में परिभाषित करती है ?
(A) 303 (B) 305 (C) 304 (D) 308

94. Consider the following statements and answer the question given below :
Mr. Patel being a police officer receives a complaint and information that Raju was involved in a robbery of bank and has also helped to hide the valuable properties in his farm, as stated by two villagers. With this regard, consider the following :
The Police Officer Mr. Patel may arrest Raju without warrant when –
(1) Raju can be arrested only if he commits a non-cognizable offence in the presence of Mr. Patel.
(2) Since the reasonable complaint against Raju has been received and there is a strong suspicion exists due to the testimony of villagers, he can be immediately arrested.
(3) Raju can be arrested only when he tries to escape or run away.
(4) Raju can be arrested so as to prevent him from making any inducement, threat or promise to any person acquainted with facts and circumstances.
Which of the above is/are the correct statement ?
(A) (2) and (4) (B) Only (4) (C) Only (2) (D) (1) and (3)
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:
श्री पटेल पुलिस अधिकारी होने के नाते शिकायत और सूचना प्राप्त करते हैं कि राजू बैंक की डकैती में शामिल था और उसने अपने खेत में मूल्यवान संपत्ति छिपाने में भी मदद की है, जैसा कि दो ग्रामीणों ने कहा है । इस संबंध में, निम्नलिखित पर विचार करें :
पुलिस अधिकारी श्री पटेल राजू को बिना वारंट के कब गिरफ्तार कर सकते हैं –
(1) राजू को तभी गिरफ्तार किया जा सकता है जब उसने श्री पटेल की उपस्थिति में कोई असंज्ञेय अपराध किया हो ।
(2) चूँकि राजू के खिलाफ उचित शिकायत प्राप्त हुई है और ग्रामीणों की गवाही के कारण एक पक्का संदेह मौजूद है, इसलिए उसे तुरंत गिरफ्तार किया जा सकता है ।
(3) राजू को तभी गिरफ्तार किया जा सकता है जब उसने बचने या भागने की कोशिश की हो ।
(4) राजू को तथ्यों और परिस्थितियों से परिचित किसी भी व्यक्ति को कोई प्रलोभन देने, धमकी देने या वादा करने से रोकने के लिए गिरफ्तार किया जा सकता है ।
उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
(A) (2) और (4) (B) केवल (4) (C) केवल (2) (D) (1) और (3)

95. BNSS introduced the provision of registration of FIR relating to commission of cognizable offense irrespective of area where the offense is committed. This FIR is known as ________.
(A) Zero FIR (B) False FIR (C) Counter FIR (D) NCR
बी.एन.एस.एस. (BNSS) ने संज्ञेय अपराध होने पर एफआईआर (FIR) दर्ज करने का प्रावधान शामिल किया है, चाहे अपराध किसी भी क्षेत्र में किया गया हो । इस एफआईआर (FIR) को _____ के नाम से जाना जाता है ।
(A) शून्य एफआईआर (FIR) (B) ग़लत एफआईआर(FIR)
(C) काउंटर एफआईआर(FIR) (D) एनसीआर (NCR)

96. The BNSS mandates a forensic team to visit the crime scenes to collect evidence for offenses punishable with imprisonment for at least ________ years.
बी.एन.एस.एस. (BNSS) ने कम से कम ______ वर्ष के कारावास से दंडनीय अपराधों के लिए साक्ष्य एकत्र करने के लिए अपराध स्थलों का निरीक्षण करने के लिए एक फोरेंसिक टीम को अनिवार्य किया है ।
(A) 4 (B) 7 (C) 5 (D) 2

97. Which section of the BNSS allows for trials in absentia of proclaimed offenders ?
बी.एन.एस.एस. (BNSS) की कौन सी धारा घोषित अपराधियों की अनुपस्थिति में सुनवाई की अनुमति देती है ?
(A) 349 (B) 356 (C) 366 (D) 251

98. Which section of BNSS facilitates trials and proceedings to be held in electronic mode ?
बी.एन.एस.एस. (BNSS) की कौन सी धारा इलेक्ट्रॉनिक मोड में सुनवाई और कार्यवाही की सुविधा प्रदान करती है ?
(A) 330 (B) 430 (C) 530 (D) 532

99. Which section of BNSS repeals the Code of Criminal Procedure, 1973 ?
बी.एन.एस.एस. (BNSS) की कौन सी धारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 को निरस्त करती है ?
(A) 101 (B) 2 (C) 1 (D) 531

100. Amit and Rani decide to break into a house at night with the intent of stealing valuables. They use a crowbar to force open the door, but before they can take anything, the owner of the house, Vikram, unexpectedly arrives home. Amit and Rani panic and run away without stealing anything. The police arrest them the following morning based on a complaint from Vikram.
Which of the following offenses under the BNS have Amit and Rani committed ?
(A) House trespass with intent to commit theft
(B) Attempt to commit robbery
(C) Burglary
(D) Attempt to commit theft
अमित और रानी कीमती सामान चुराने के इरादे से रात में एक घर में घुसने का फैसला करते हैं । वे दरवाज़ा खोलने के लिए लोहे की छड़ का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे पहले कि वे कुछ भी चुरा पाते, घर का मालिक विक्रम अप्रत्याशित रूप से घर आ जाता है । अमित और रानी घबरा जाते हैं और बिना कुछ चुराए भाग जाते हैं । विक्रम की शिकायत के आधार पर पुलिस उन्हें अगली सुबह गिरफ्तार कर लेती है ।
अमित और रानी ने बी.एन.एस. (BNS) के तहत निम्नलिखित में से कौन सा अपराध किया है ?
(A) चोरी करने के इरादे से गृह अतिचार (B) डकैती करने का प्रयास
(C) सेंधमारी (D) चोरी करने का प्रयास

21987